पंचम अध्याय

विभिन्न प्रकार की साधना पद्धतियों, कर्मकाण्डों और ज्योतिष आदि का उल्लेख

किसी भी लक्ष्य या उद्‌देश्य की सिद्धि के लिए जो स्वाभाविक उपाय किये जाते हैं उन्हें साधना कहते हैं, परन्तु धार्मिक दृष्टि से विशेषतः हिन्दू–दृष्टिकोण से उस परम पुरुषार्थ को ही साधना कहते हैं जो कि आध्यात्मिक ध्येय की प्राप्ति के लिए किया जाता है। इस साधना का अर्थ किसी भी प्रकार की क्रिया या कर्म होता है।

साधना ही असल में प्रत्येक वस्तु की प्राप्ति का उपाय है। यह सफलता की कुंजी है, कवि का कवित्व है, ऋषि का ऋषित्व है; क्योंकि ये सब साधना के ही द्वारा प्राप्त किये जाते हैं। साधक को साध्य वस्तु साधना के द्वारा ही प्राप्त होती है। ऐसी दशा में सहज में यह बात सामने आती है कि साधना अपने कार्य–कारणात्मक भावों और फलों से पहचानी जाती है। साधना के द्वारा आत्मलाभ होता है और आत्मलाभ के द्वारा दिव्यत्व, सर्वज्ञता, सर्वशक्तिमत्ता प्राप्त हो जाती है। आत्मलाभ का ही फल अनन्त विभूतियों की प्राप्ति भी है।

भारतवर्ष कर्म–प्रधान और साधना प्रधान देश है, परन्तु इसकी साधना मुक्ति–परक, आत्म–परक अथवा ब्रह्म–परक है।

कवि रूद्रप्रताप के अनुसार साधना के मूल तत्त्व तप, स्वाध्याय और ईश्वर–प्रणिधान हैं। इनसे साधक की शक्ति और ज्ञान की वृद्धि होती है। स्वाध्याय से ज्ञान और तप से शक्ति बढ़ती है। साथ ही ज्ञान और शक्ति द्वारा ही साधक परम साध्य तक पहुँच जाता है।

महात्मा गाँधी अहिंसा और सत्य के द्वारा ही बड़े–से–बड़े लक्ष्य तक पहुँचना बताते हैं प्राचीन लोग ब्रह्मचर्य और तप को ही मुख्यतः देते हैं। पातंजल योग चित्त–वृत्ति के निरोध को ही परम पुरुषार्थ और साधना बताता है। वस्तुतः किसी भी सात्त्विक उपाय द्वारा गंतव्यमार्ग की ओर चल देना ही वास्तविक साधना है। साधना में आवरण को हटाने के लिए विघ्नों का सामना करने और अभावों को हटाने की अपेक्षा सद्भावों को उत्पन्न कर उन्हें सुपुष्ट करना ही सिद्धि का सर्वोत्तम उपाय है; इससे विघ्न स्वतः नष्ट हो जाते हैं और अतिशीघ्र सफलता हस्तगत हो जाती है; क्योंकि किसी सीधी रेखा को हाथ के द्वारा छोटी करने की अपेक्षा उसके बराबर एक बड़ी रेखा खींच देना ही ठीक है, उससे वह अपने आप छोटी हो जायेगी। स्वभाव से समस्त जीव–राशि उस अनन्त सत्य वस्तु की ओर ही जा रही है। आत्मा की गति असल में परमात्मा की ओर ही हो सकती है, विजातीय वस्तु की ओर नहीं, नदियाँ समुद्र में ही जाकर रहती है। सम्पूर्ण ब्रह्माण्डात्मक जड़–चेतन का अन्तिम ध्येय असल में आत्मलाभ ही है। तत्व

इसका अभिप्राय यह है कि हमारे सम्पूर्ण क्रिया–कलाप साधनामय ही हैं। ऐसी दशा में हम कुछ भी करें, कहें और सोचें, सब कुछ साधना ही है, परन्तु इन क्रियाओं का समन्वय साधनात्मक तत्त्वों के साथ होना चाहिए। साथ ही इनमें आवश्यक सामंजस्य भी पर्याप्त मात्रा में हो। ऐसी दशा में प्रत्येक साधनासम्पन्न मार्ग और सम्प्रदाय यथाधिकार पृथक् होता हुआ भी एक ही सम्पूर्ण लक्ष्य का प्रदर्शक हो जाता है। यही कारण है कि लता–गुल्म, कीट–पतंग, पशु–पक्षी और देव–मानव सब ही अपनी–अपनी योनि और स्थान से ही कभी–न–कभी अन्तिम लक्ष्य की ओर ही पहुँचकर रहते हैं।

'साधना' भारत की आध्यात्मिक सम्पत्ति है। चरम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यह सोपान अवश्य अवलम्बनीय है।

भारतवर्ष 'साधना' प्रधान देश है। इसकी मुख्यतः दो धाराएँ हैं– (1) वैदिक और (2) तांत्रिक। दोनों में अवश्य ही कुछ भिन्नता है, जो प्रयोगात्मक एवं सिद्धान्तात्मक भी है, परन्तु लक्ष्य स्थिर होने पर यह भेद 'नहीं' के बराबर हो जाता है। लक्ष्य और अधिकारी तथा उपकरण–भेद से जैसे साधना में भेद होता है, इसी प्रकार देश–काल, कृपा और सामर्थ्य के भेद से साधनाएँ भी भिन्न–भिन्न प्रकार की होती हैं।[1]

साधना के प्रथम चरण में आसनशुद्धि, देहशुद्धि, भूतशुद्धि, आचमन, प्राणायाम, अंगन्यास, करन्यास, षोढान्यास आदि क्रियाएँ अपेक्षित हैं। धीरे–धीरे जब उक्त क्रियाएँ शरीर, मन तथा इन्द्रियों को परिवर्तित करती हैं, तब शनैः–शनैः उनमें दिव्यता आती है। इस दिव्यता के सातत्य–हेतु अनेक विधि–निषेध शास्त्रदृष्ट हैं।

गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं–

/;k;rk fo"k;ku iql% l³xLr"kitk;rA
l³xkRlUtk;r dke% dkekRØk/kk·fHktk;rAA
Øk/kk)ofr lEekg% lEekgkRLe`frfoHke%A
Le`frHka'kn cf)uk'kk cf)uk'kkRi.k';frAA[2]

'विषयों का चिन्तन करने वाले पुरुष की उन विषयों में आसक्ति हो जाती है, आसक्ति से उन विषयों की कामना उत्पन्न होती है और कामना में विघ्न पड़ने से क्रोध उत्पन्न होता है। क्रोध से अत्यन्त मूढ़भाव उत्पन्न हो जाता है, मूढभाव से स्मृति में भ्रम हो जाता है, स्मृति में भ्रम हो जाने से बुद्धि अर्थात् ज्ञान–शक्ति का नाश हो जाता है और बुद्धि का नाश हो जाने से यह पुरुष अपनी स्थिति से गिर जाता है।'

---

1 कल्याण, गीताप्रेस, गोरखपुर, संख्या 11, वर्ष 74, पृ0 911

2 गीता, अध्याय–2, श्लोक 62–63

अतः इन्द्रियों को विषयों की ओर से हटाकर अन्तर्मुखी करना साधना का प्रथम सोपान है। कर्मेन्द्रियों के संयम के लिए वाह्य उपाय हैं– आसन लगाकर बैठना तथा बाँयें हाथ में कुशा और दायें हाथ में माला रखना; मुख के संयम के लिए ब्रह्मचर्य का पालन करना। इन सभी का मुख्य आधार आसनसिद्धि ही है।

इस कारण समस्त कर्मकाण्ड आदि में सर्वप्रथम 'आसनप्रतिष्ठा' ही विहित है। योगदर्शन के आठ अंगों में प्रथम दो 'यम' और 'नियम' बहिरंग हैं, अवशिष्ट छः अन्तरंग अंगों के आरम्भ में ही 'आसन' का विधान है।

आसन केवल आराम या सुख के लिए कोमल वस्तु पर बैठना नहीं है, अपितु वह तो आधारशिला है, जिस पर साधना टिकी है और दिव्य (आध्यात्मिक) के साथ भौतिक (वैज्ञानिक) भी हैं।

गीता में भी स्पष्ट है–

'kpkS nsa'ks izfr"BkI; fLFkjekluekReu%A
ukR;qfPNªra ukfruhpa pSykftud'kksRrjeAA
r=Sdkxza eu% dRok ;rfpRrsfUnz;fØ;%A
mifo';klus ;qT;k|ksxekRefo'kq);sAA[1]

शुद्ध भूमि में, जिसके ऊपर क्रमशः कुशा, मृगछाला और वस्त्र बिछे हैं, जो न बहुत ऊँचा है और न बहुत नीचा, ऐसे अपने आसन को स्थिर स्थापन करके उस आसन पर बैठकर चित्त और इन्द्रियों की क्रियाओं को वश में रखते हुए मन को एकाग्र करके अन्तःकरण की शुद्धि के लिए योग का अभ्यास करें।

कवि कहते हैं कि सर्वविधि साधना–प्रणाली के अभ्यासी साधक के शरीर में एक 'शक्ति' की उपलब्धि होती है, उस समय यद्यपि देखने में सामान्यतः स्थूल शरीर यथावत् ही रहता है, पर यह 'शक्ति' हमारी पांचभौतिकता को शनैः–शनैः दूर करती है।

---

1 गीता, अध्याय–6, श्लोक 11–12

ब्रह्मचर्य, संयम, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि आदि क्रियाओं द्वारा शरीर की भौतिकता शनैः–शनैः दिव्यता की ओर अग्रसर होती है। इस समय भी पृथ्वी अपनी आकर्षण–शक्ति से दिव्यता को प्रभावित करती है।

इस प्रकार अनन्त भावमय भगवान् के समीप पहुँचने के रास्ते भी अनन्त है। मकड़ी जैसे अपने अंदर से जाल फैलाकर उसके केन्द्र में बैठी रहती है, वैसे ही ईश्वर इस विश्व–ब्रह्माण्ड का सृजन करके इसके बीच में बैठे हैं। वृत्त की परिधि के किसी भी बिन्दु से सीधे केन्द्र तक पहुँचने के लिए जैसे भिन्न–भिन्न सीधी रेखाओं की आवश्यकता होती है, वैसी ही परिधि में स्थित प्रत्येक जीव को सृष्टि के केन्द्रस्थल में पहुँचने के लिए पृथक्–पृथक् साधना पद्धतियों, कर्मकाण्डों का प्रयोग करना पड़ता है।

एक प्रकार से जितने जीवन हैं, उतने ही मत हैं और जितने मत हैं उतने ही पथ भी हैं। मनुष्य में जैसे रुचि और चरित्रगत सादृश्य होता है वैसे ही रुचि, स्वभाव, संस्कार और वातावरण के अनुसार मनुष्य की साधना पद्धति, कर्मकाण्ड में भी सादृश्य होता है।

''मानव जीवन को सफल बनाने के लिए सभी शास्त्रों में चतुष्पुरुषार्थ साधना को ही महत्व दिया गया है। भारतीय ज्योतिष भी धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष साधन का ही संदेश देता है।''[1]

मनुष्य के समस्त कार्य ज्योतिष के द्वारा ही चलते हैं। व्यवहार के लिए अत्यंत उपयोगी दिन, सप्ताह, पक्ष, मास, अयन, ऋतु, वर्ष एवं उत्सवतिथि आदि का परिज्ञान इसी शास्त्र से होता है। यदि मानव–समाज को इसका ज्ञान न हो तो धार्मिक उत्सव, सामाजिक, त्यौहार, महापुरुषों के जन्मदिन, अपनी प्राचीन–गौरव– गाथा का इतिहास प्रभृति किसी भी बात का ठीक–ठीक पता न लग सकेगा और न कोई उचित कृत्य ही यथासमय सम्पन्न किया जा सकेगा।

---

1 मानस और ज्योतिष, वी0बी0 सिंह, प्रथम संस्करण 1997, पृ0 162

सुसिद्धान्तोत्तम रामखण्ड में ज्योतिष का उपयोग कवि ने विभिन्न बिम्ब–विधानों के माध्यम से करते हुए आदि गुह्य ज्ञान ज्योतिष को आद्य आध्यात्मिक ज्ञान के रूप में निरुपित किया है।

पारमार्थिक दृष्टि से परिशीलन करने पर भारतीय ज्योतिष का रहस्य परम ब्रह्म को प्राप्त करना है। रामकथा के प्रत्येक लेखक ने अपने–अपने दृष्टिकोण से कथा–वस्तु का चयन किया व राम को यथा रुचि मानव, विष्णु अवतार अथवा ब्रह्म रूप में चित्रित किया है। तुलसी की अपनी विशेषता यह है कि उन्होंने राम के चाप–वाण धर रूप में ज्योतिष के 'काल–पुरुष' की छवि देखी है और उन्हें तदनुरूप बनाने के लिए ब्रह्म के ओंकार स्वरूप को त्याग कर भी निगमागम सम्मत स्वरूप बनाये रखने के लिए गुण, धर्म, स्वभाव बोधक कुछ नये शब्दों का प्रयोग किया है। 'ईश्वर अंश जीव अविनासी' की प्रस्तुति में उन्होंने जीव और ब्रह्म के समान सच्चिदानन्द स्वरूप को प्रधानता देते हुए ब्रह्म के ज्योतिष शास्त्र सम्मत 'काल–पुरुष' स्वरूप का स्पष्टीकरण किया है।

ज्योतिष ही मात्र ऐसा शास्त्र है जो जीव के धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष साधन का प्रत्येक क्षेत्र में ध्यान करके हित चिंतन की बात करता है तथा इच्छानुकूल सबकी साधना की प्रेरणा देकर सत्य का दर्शन करते हुए वैदिक सत्य को बोध कराता है। ,

कवि ने भी अपने काव्य में ज्योतिष शास्त्र का प्रयोग किया है। रामखण्ड महाकाव्य में उनका ज्योतिष ज्ञान स्पष्ट झलकता है–

vid vid in jkflu ykxA T;kfrpØ dj ckjg HkkxAA
>[k e<hdj Hkkx lekuA fcf) mHk; Øe mrØe tkuAA
T;kfr"k v# ijku nkm n[khA nkm ,d= er efuUg fcl[khAA
Å[kk0;f"V e/; g tkbA jtuhe[k ckje[k lkbAA

l/;kdky fclky tc gkr fcnk:u tkfuA
fu'p; fudj djky HkV jfcfg xlu pg ikfuAA[1]

ज्योतिष के अनुसार शुभाशुभ मुहूर्त ज्ञान या जन्म पत्र आदि संबंधी ज्ञान के लिए पंचांग ज्ञान आवश्यक है। पंचांग को (1) तिथि, (2) वार, (3) नक्षत्र, (4) योग, (5) कारण, सहित पाँच अंगों का विवरण उपलब्ध कराने वाला वार्षिक प्रकाशन होने के कारण ही पंचांग कहा जाता है–

if"V vf/kd =; lr fnu tkbA lcr lkj dgkor lkbA
cgfj cjl dj ikp ikdkjkA ekl pkfj fc/k efuUg fcpkjkAA
cRlj lcRlj ifjcRljA vuqcRlj b}Rlj gl ljAA[2]

भारतीय पंचांग साधारणतया विक्रम संवत् के आधार पर ही चलते हैं और नव वर्ष के प्रवेश का पर्व उन्हीं के अनुसार मनाया जाता है।

आकाशस्य क्रान्तिवृत्त के असंख्य ज्योति पुंजों में काल व्यवस्था की दृष्टि से सूर्यादि ग्रहों के परिक्रमा पथ को निश्चित करने की दिशा में कुछ स्थिर प्रतीत होने वाले तारापुंजों की पहचान की गई। इन तारा पुंजों को उनके द्वारा बनाये गये चित्रात्मक आकारों का नाम देकर नक्षत्रों की संज्ञा दी गयी। इस प्रकार सत्ताइस (27) ऐसे तारा पुंजों की पहिचान कर आकृति के अनुसार उनका नामकरण किया है–

mHk;ekl dj txin tkuhA lcRlj Hkkjofg lX;kuhA
=;lr lk/k pkfj fnu tkbA lkb g pkfnd cjl fc tkbAA
uk{kf=d tkb ekl dgk;A lRrkbl vg dj xuk;AA[1]

---

1 रामखण्ड रामायण, बालकाण्ड, दो0 306, चौ0 5–8, पृ0 130
2 रामखण्ड रामायण, बालखण्ड, दो0 308, चौ0 6–8, पृ0 131

आकाश में भगवान् विष्णु का जो शिशुमार के समान आकार वाला तारामय स्वरूप देखा जाता है, उसके पुच्छ–भाग में ध्रुव अवस्थित है। यह ध्रुव स्वयं घूमता हुआ चन्द्रमा और सूर्य आदि ग्रहों को घुमाता है। उस भ्रमणशील ध्रुव के साथ नक्षत्रगण भी चक्र के समान घूमते रहते हैं। सूर्य, चन्द्रमा, तारे, नक्षत्र और अन्यान्य समस्त ग्रहगण वायु–मण्डलमयी डोरी से ध्रुव के साथ बँधे हैं–

rkjke; j?kjkt fu:ikA lu fllekj pØ dj :ikAA
rL; iPN Åij /kc FkkbA tx tk d vk/kkj lkgkbAA
vufFkj xxu fj{kfcr lkbA dMfyfØr tkdj ru tkbAA
mj vH;rj jke fuoklkA /kcfØr Hkefg fujrj cklkAA
l;pn Hkx [kpj trA c/k lehju iklu rrAA[2]

सूर्यदेव, नदी, समुद्र, पृथ्वी तथा प्राणियों से उत्पन्न–इन चार प्रकार के जलों का आकर्षण करते हैं तथा आकाशगंगा के जल को ग्रहण करके वे उसे बिना मेघादि के अपनी किरणों से ही तुरन्त पृथ्वी पर बरसा देते हैं।

इस प्रकार सम्पूर्ण यज्ञ, वेद, ब्राह्मणादि वर्ण, समस्त देवसमूह और प्राणिगत वृष्टि के ही आश्रित हैं। अन्न को उत्पन्न करने वाली वृष्टि ही इन सबको धारण करती है तथा उस वृष्टि की उत्पत्ति सूर्य से होती है।

सूर्य का आधार ध्रुव है, ध्रुव का शिशुमार है तथा शिशुमार के आश्रय हरि हैं। उस शिशुमार के हृदय में हरि स्थित है जो समस्त प्राणियों के पालनकर्ता तथा आदिभूत सनातन पुरुष हैं। इन प्रसंगों को देखकर ऐसा लगता है कि कवि की इन विषयों में गहरी पैठ थी। उसने बड़ी तन्मयता से ज्योतिष ज्ञान की अभिव्यक्ति की है।

कवि रूद्रप्रताप वाल्मीकि से भिन्न अपने ज्ञान और पाण्डित्य का प्रदर्शन करते हैं। यहाँ हम कवि के ज्योतिष–चक्र निरूपण का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए

1 रामखण्ड रामायण, बालखण्ड, दो0 209, चौ0 1–3, पृ0 131
2 रामखण्ड रामायण, बालकाण्ड, दो0 313, चौ0 3–7, पृ0 133

देख सकते हैं कि कवि वाल्मीकि से इतर नितान्त मौलिक कल्पना का संयोजन करते हुए काव्य–सृजन में प्रवृत्त होता है– राम विवाह के प्रसंग में बारात–गमन के अवसर पर कवि प्रकृति का वर्णन करता है। जो चित्ताकर्षक है–

pyh cjkr tFkk l|[k lkbA cj[kfg| Qy vejxu tkbAA
fuR;fg| ukd vej&cjukjhA cj[kfg| cjekyk vf/kdkjhAA
dlfj;k| cjkrcj n[khA tu| iykl cu Q|ym fcl[khAA
lxu gkr ukukfcf/k tkbA fut lR;kjFk ixVfg| lkbAA
nfPNu dkd l|[kr y[kkofg|A pkjk pk[k ckefnfl ikofg|A
ud|y i:rPN lu d vkxA l|jHkh cRl fivkm lHkkxAA
ykoh fQfj fQfj ny d ikIkA dj fut lxu dj fcLok lkAA
nfPNu fQfj d|jx cg| vkofg|A exye; fut lxu n[kofg|A[1]

इस प्रकार हम कहते हैं कि ज्योतिष की सबसे बड़ी उपयोगिता यही है कि यह समस्त मानव–जीवन के प्रत्येक और परोक्ष रहस्यों का विवेचन करता है और प्रतीकों द्वारा समस्त जीवन को प्रत्यक्ष रूप में उस प्रकार प्रकट करता है जिस प्रकार दीपक अंधकार में रखी हुई वस्तु को दिखलाता है। मानव का व्यावहारिक कोई भी कार्य ज्योतिषशास्त्र के ज्ञान बिना नहीं चल सकता है।

किष्किन्धापथ में कवि रूद्रप्रताप राम के बहाने ऐसे ऐसे अवांतर कथा प्रसंगों की कल्पना है जिससे पूरा कथा प्रवाह ही संजाल बन जाता है। लेकिन यह कवि की नवीनता है और गुरु परम्परा एवं गुरुकृपा से प्राप्त ज्ञान की अभिव्यक्ति है। ये अवान्तर कथाएँ किष्किन्धापथ में मुख्यता राम–लक्ष्मण संवाद, शंकर–पार्वती आदि के संवादों के माध्यम से रची गयी हैं। यहाँ कवि वाल्मीकि से पूर्णरूपेण अलग प्रसंगों का सृजन करता है। उदाहरणार्थ निम्नलिखित कथाएँ

1 रामखण्ड रामायण, बालकाण्ड, दो0 888, चौ0 1–8, पृ0 369–370

प्रस्तुत हैं–

(क) सत्यनारायण व्रतकथा वर्णन

सत्यस्वरूप भगवान नारायण ही सत्यनारायण हैं। सत्य धर्म के प्रतिष्ठा हेतु उन्होंने सत्यनारायण का अवतार धारण किया और सत्य की महिमा स्थापित की। इस सम्बन्ध में भगवान ने जो लीला की, वह ^lR;ukjk;.k&dFkk* के नाम से लोक में प्रचलित हो गयी। भारतवर्ष में सत्यनारायण व्रत–कथा अत्यंत लोकप्रिय हैं। भारतीय सनातन परम्परा में किसी भी मांगलिक कार्य का प्रारम्भ भगवान गणेश के पूजन एवं उस कार्य की पूर्णता भगवान् सत्यनारायण की कथा–श्रवण से समझी जाती है। कवि किष्किन्धाकाण्ड के उत्तरार्ध के प्रथम खण्ड का प्रारम्भ सत्यनारायण व्रत कथा वर्णन से करता है–

,fg fclke dgm lcr jok[kMk}rA
vk[; lR;ukjk;u lnj ljy lirAA[1]

वर्तमान समय में भगवान् सत्यनारायण की प्रचलित कथा स्कन्दपुराण के रेखाखण्ड के नाम से प्रसिद्ध है, जो पाँच या सात अध्यायों के रूप में उपलब्ध है। भविष्यपुराण के प्रतिसर्गपर्व में भी भगवान् सत्यनारायण व्रत–कथा का उल्लेख मिलता है, जो छः अध्यायों में प्राप्त है। यह कथा स्कन्दपुराण की कथा से मिलती–जुलती होने पर भी विशेष रोचक एवं श्रेष्ठ प्रतीत होती है।[2]

कथा के माध्यम से इसमें मूल सत्–तत्त्व परमात्मा का ही प्रतिपादन हुआ है और सत्य के व्यवहार द्वारा नारायण की उपासना का मार्ग निर्दिष्ट हुआ है। अन्तःकरण की निर्मलता तथा निश्छल भाव से भगवान् की भक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। भगवान् को ऐसे ही भक्त विशेष प्रिय हैं।

मनसि अन्यत्, वचसि अन्यत् और कर्मणि अन्यत्– यह छद्म कल्याण–मार्ग

---

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध प्रथम खण्ड, विश्राम 47, दो0 1161, पृ0 533
2 संक्षिप्त भविष्यपुराण, प्रतिसर्गपर्व द्वितीय खण्ड, सत्यनारायण व्रत कथा, पृ0 299

का सर्वोपरि बाधक है, अतः सब प्रकार से एक रहते हुए विशुद्ध भाव से ही भगवान् की आराधना करनी चाहिए और ऐसी ही आराधना नर को नारायण बना देती है–

lR;ukjk;.kk[;kr ori ukjk;.k'ojeA
drk lo.Qyi.kflr% /ku/kkU; lrkfUor%AA[1]

यही मूल बात इस सत्यनारायण कथा से मुखरित होती है। सत्य की ही सर्वदा विजय होती है, असत्य की नहीं– ^lR;eo t;fr ukure* यह इस कथा का मूल संदेश है। भगवान नारायण प्रत्यक्ष फल देते हैं, क्योंकि धर्म के चार पाद हैं– सत्य, शौच, तप और दान। इनमें सत्य ही प्रधान धर्म है। सत्य पर ही लोक का व्यवहार टिका है और सत्य में ही ब्रह्म प्रतिष्ठित है, इसलिए सत्यस्वरूप भगवान सत्यनारायण का व्रत परम श्रेष्ठ कहा गया है।

सत्यनारायण–पूजन, तथा कथा–श्रवण अन्तन्य पवित्र, पुण्यप्रद और समस्त मंगलों को प्रदान करने वाला है। बड़े ही उत्साह एवं श्रद्धा–भक्ति से समन्वित होकर इसका अनुष्ठान करना चाहिए। इससे जीवन में सत्य की प्रतिष्ठा स्थापित होती है और भगवान् की विशेष कृपा भी प्राप्त हो जाती है–

/kU; /kjkry ,fg cr djrkA jHkk [kfj ubc| lijrkAA
gkVdeb ifrek ukjkfxgA iy ck tFkklfDr dfj fcxgAA
Qy lkef;d ygb tkb ikuhA vib ukjk;u ij vkuhAA
jktl rke dyl cuokbA cL=kNUu lfcxg&ykbAA[2]

इस प्रकार मन में संकल्प कर सायंकाल में विधिपूर्वक भगवान् सत्यनारायण की पूजा करनी चाहिए। पूजा में पाँच कलश रखने चाहिए। चारों ओर भगवान् के सुन्दर विग्रहों को लगाना चाहिए। मण्डप के मध्य में भगवान

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध प्रथम खण्ड, विश्राम 47, दो0 1161, पृ0 533

2 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तराध प्रथम खण्ड, विश्राम 47, दो0 1162, चौ0 1–4, पृ0 533

सत्यनारायण (श्री विष्णु भगवान् या शालग्रामशिला) के लिए एक सिंहासन लगाकर उस पर भगवान् के विग्रह को प्रतिष्ठित करना चाहिए। शालग्राम को पंचामृत आदि से भलीभाँति स्नान कराकर चन्दन आदि उपचारों से भक्तिपूर्वक उनकी अर्चना करनी चाहिए। फिर भगवान् सत्यनारायण व्रत कथा को सुनना चाहिए। सत्यनारायण व्रतकथा में सत्य–धर्म की मुख्यतः है।

कथा में यह बताया गया है कि अति निर्धन विप्र द्वारा सत्य का संकल्प करके उस प्रतिज्ञा का पालन करने से उसे भगवान् प्राप्ति हो गयी, यही स्थिति काष्ठ विक्रेता की भी हुई। इसके विपरीत साधु वाणिक ने अपनी प्रतिज्ञा का पालन नहीं किया, छद्म व्यवहार किया, अन्तर्यामी भगवान से असत्य भाषण किया, फलतः उसकी तथा उसके परिवार की अत्यंत दुर्गति हुई, पुनः उसने करुणामय भगवान् की शरण ग्रहण की तो उसका सर्वविध अभ्युदय हो गया। उसे बैकुण्ठ की प्राप्ति हुई। इन दृष्टान्तों द्वारा हमें भगवान के सत्–मार्ग के अनुपालन की प्रेरणा प्राप्त होती है। इन सब कारणों से सत्य अथवा सत्यनारायण की महिमापरक यह व्रत–कथा सभी कामनाओं को पूर्ण करने वाला होता है।

कथा–श्रवण के अनन्तर भगवान् के प्रसाद को भली–भाँति वितरण करें। तत्पश्चात् ब्राह्मणों को भोजन कराये एवं स्वयं भी मौन होकर भोजन करें।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि परमेश्वर ही त्रिकालाबाधित सत्य है और एकमात्र वही ज्ञेय, ध्येय एवं उपास्य है। ज्ञान–वैराग्य ओर अनन्य भक्ति के द्वारा वही साक्षात्कार करने के योग्य है। श्रद्धा–भक्तिपूर्वक पूजन, कथा–श्रवण, एवं प्रसाद ग्रहण आदि के द्वारा उन सत्यस्वरूप परब्रह्म परमात्मा भगवान् सत्यनारायण की उपासना से लाभ उठाते हुए अपने जीवन में सत्य की मर्यादा को स्थापित करने का व्रत लेना चाहिए।

(ख) हनुमान मंत्र प्रयोग वर्णन

हनुमान राम कथा के प्राणतत्त्व हैं। वे निरंतर जागरूक एवं सक्रिय हैं। हनुमान को यह बोध है कि राम ब्रह्म हैं, किन्तु मायामानुष हैं तथा मात्र लीला कर रहे हैं। रामभक्त हनुमान के हृदय–आगार में धनुर्धारी राम विराजमान रहते हैं।

शिव के अंशावतार हनुमान असम्भव को भी सम्भव बनाने की अद्भुत शक्ति के संवाहक हैं। उनकी वन्दना करने पर सभी देवताओं का अनुग्रह सहज हो जाता है, प्रसन्न होने पर वे वांछित कामनाओं को पूर्ण करते हैं। दैत्य, दानव, निशाचर, भूत, प्रेत इत्यादि हनुमान भक्त को नहीं सता सकते। पवित्र होकर उनका ध्यान करने मात्र से सभी राक्षसों – प्रकोपों का प्रभाव क्षीण हो जाता है। रोग व संताप दूर हो जाते हैं, दुख वेदना मिट जाती है। शत्रुओं का भय नहीं रहता, दुष्टों का दमन हो जाता है। दुरात्माओं से मुक्ति मिलती है, डर जाता रहता है और उसे समस्याओं का निदान मिलता है–

l|ur dFkkl| tFkk gj Hkk[kkA bo ckuj gj eu| vfHkyk[kkA
ckyh ifrfg l|jfr jfr :ikA cfuv eu| i:;kx dfo&Hkk ikAA
dk dfi ;g dk dj vorkjkA dl eu| dl i:;kx vf/kdkjkAA
vktu; :nk vork:A vFkinkfu l|j&fcVikdk:AA
fi:;: dhl cj eu| ,fg ykdkA HkfDrefDrnk gjrk lkdkAA
ldj i|jk ykd fgr g|rA cjfum| exjkt dfi d|rAA
Hkr i:r lfilkp HkokuhA tPN ljkPNl Mkfduh tkuhA
eu| vuBku ek= efu&uk;dA Hkktfg| /ku| fceDr ftfe lk;dAA[1]

हनुमान जी को अष्टसिद्धि नव निधि के दाता, महाबली, महान सेवक के रूप में स्मरण किया गया है। हनुमान मंत्र की रचना कवि ने मंत्रसिद्धि और दुखमोचन के लिए किया–

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध प्रथम खण्ड विश्राम 50, दो0 1201 चौ 1–8, पृ0 553–554

djb v;|r eu| cj dj tkiA gkb fcfnr Hko i:cy i:rkiAA
uDrk lh fcftr:fn:; gkbA gkb ikou fno C; lu fcxkbAA
Nn: jkx lk fuokju gr:A vLVkRrj lr tfi eu| dr:AA
tib f=fnu ,dkr fugkjhA jkx l?ku cu dfj njckjhAA
v"VkRrj lr leu| idklkA djfg| tkb eu /kfj fcLoklkAA
Hkr i:r lfilkp ?kujA gkfg| uLV ifu feyfg| u gjAA
egkjkx mi lkfr lk grA vLVkRrj lgl: ti lrAA
egkjkx r| rfg Nufg NVb l|tkid lkfuAA
gkb fu;rklu fu;r eu djb ldy xngkfuAA[1]

पुराणों और रामायणों में इनके अद्‌भुत चरित्रों का अनेक स्थानों में वर्णन आया है। धर्मशास्त्रों में इनकी सेवा–पूजा और स्तोत्रपाठादि का महत्फल बतलाया है और आराधना के ग्रन्थों में इनकी उपासना के लोकोत्तर फल देने के विधान हैं। वास्तव में हनुमान् जी ने समुद्र के लांघने, सुरसा, लंकिनी और अक्षयादि का क्षय करने, लंका जलाने, रावणादि का तिरस्कार करने और पाताल में प्रविष्ट हुए राम को लाने आदि में सर्वोत्कृष्ट वीरत्व और स्वामी की सेवा तथा भक्तों की अभीष्टसिद्धि आदि में सर्वाधिक दासत्व दर्शाया था। ऐसे सर्वोत्तम देव की उपासना अवश्य ही हितकारिणी होती है–

;g eu| tk iR;g guekuA i:tb cr dfj lnk fu/kkuAA
rfg fxg jek vpipy ck lkA nh?kk;o t; txr idklkAA
ekjh vkfn Hkr lNkHkkA fxg dk nlg| djfg| u ykHkkAA
,fg r: lk/ku ijeu| ukghA C;k?k pkj ck/kk fefV tkghAA
doug| Hkkfr dj vfj gkbA fe= leku lk/kdfg lkbAA
[kV i:;kx fcf/k lefr lukbA tk=k tk fp:rb dfijkbAA
ckfNr cxor lkb ykgA ygb Fkkg dkjt voxkgAA
l;u dky ti| eu| ;g dhlkA Hkktfg| Hkr vkBg|

---

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध प्रथम खण्ड, विश्राम 50, दो0 1205, चौ0 1–8, पृ0 556

nh lkAA[1]

कवि कहता है कि हनुमान जी की महिमा का वर्णन नहीं किया जा सकता, उसके गुणगान के लिए यह जीवन बहुत ही न्यून है। राम के परमप्रिय हनुमान के स्मरण मात्र से समस्त पापों का नाश हो जाता है। उनके चरणों में अनुराग होने पर दुर्भाग्य उसी तरह विलुप्त हो जाता है जैसे कि सूर्य के समक्ष अंधकार। रामदूत बजरंग बली का महात्म्य अनन्त है।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि श्री हनुमंत शब्द–स्वर कार्य सिद्धि के लिए महामंत्र है। इसके जाप से बिगड़े काम भी बन जाते हैं, यह ऋषि–मुनियों के अनुभव का सार है। वैसे यह संसार दुखों का गृह अवश्य है, लेकिन इन दुखों के शमन के लिए ऐसे आश्रम की आवश्यकता होती है जो हर स्थिति में शांति व सुरक्षा का कवच दे सके। हनुमान का नाम जप एक सर्वोत्तम धारणीय कवच है। श्रीराम का नाम हनुमंत मंत्र का कवच है।

हनुमान जी ने सेवा का आदर्श प्रस्तुत किया, सेवा को धर्म बनाया। उन्होंने संसार के सामने युगों तक अक्षय रहने वाला संस्कार बनाया, जो जीव मात्र को आज भी आश्रय दे रहा है। यह संस्कार हर क्षण अद्भुत संदेश देता है कि सबके प्राणों के आधार वे प्रभु राम ही तो हैं।

(ग) जानकी मन्त्र प्रयोग

राम परब्रह्म हैं तथा सीता राम से अनन्य (अभिन्न) उनकी मायाशक्ति हैं। रामवल्लभा सीता शक्तिस्वरूपा हैं तथा जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और लय करने वाली और सम्पूर्ण कल्याणों की करने वाली हैं।

m)ofLFkfr lgkjdkfj.kh Dy'kgkfj.kheA
loJ;Ldjh lhrk urks·ga jkeoYyHkkeAA[1]

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध प्रथम खण्ड, विश्राम दो0 1207, चौ0 1–8, पृ0 556–557

हिन्दू धर्मग्रन्थों में श्री जानकी का वर्णन विविध रूपों में पाया जाता है। श्री जानकी की अपार महिमा का दर्शन हमें इन पंक्तियों में होता है–

fcr ,d lg lHko lvk:A =; p=l dN nfj l/kk:AA
fnx ngyh lfgr tx vkjkA e/; iul tu vf=fd lkjkAA
etY ctY fcn lokjhA t=jkt fefFky l&dekjhAA
itb pnu vxj dijkA fexen dlfj jkf=;pjkAA
lgdchj tik lri=dA fcfYo; ry lh nck r=dAA
itu d: fl;&t=&f/kjktA tFkk U;k; flxkj lektAA
ti eu lgl rFkk/k cgkjhA e: cd gu lfi[k lHk ckjhAA
tik dle vFkok dchjkA fcfYo;ny line efu /khjkAA[2]

मैं सर्व कुशल दायिनी, भक्ति एवं मुक्ति को देने वाली सीता को नमन करता हूँ जो तीनों लोकों की जननी हैं, दुर्बुद्धि का नाश करने वाली हैं, जो विदेह राजा जनक की यज्ञ पुत्री हैं और अहंकारियों के अहंकार को चूर करने वाली हैं, और सद्भक्तों का भरण–पोषण करने वाली हैं–

txr lfDr nk;d fefFkylkA gkbl Lokgk gfj vej dy'kkA
Lo/kke;h firjUg l[knkuhA lkfr dkfr lrfLV HkokuhAA[3]

सीता राममय थीं। राम अपने गुणों के कारण ही सबकी प्रशंसा के पात्र है। अतः इनकी सेवा के लिए तो क्या कहना। रघुनाथ जी परम दयालु हैं, जितेन्द्रिय, दृढ़ अनुराग रखने वाले धर्मात्मा हैं–

ek r ij ,d j?kcj gbA dkju ek= u dkjt djbAA[4]

राम अनुरागी सीता बारम्बार कहती हैं– जनकनन्दिनी, मिथिलेशकुमारी के

---

1 रामचरितमानस, बालकाण्ड, मंगलाचरण, श्लोक–5
2 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध प्रथम खण्ड, दो 1216, चौ0 1–8, पृ0 562
3 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध प्रथम खण्ड, सो0 179, चौ0 5–6, पृ0 563
4 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध प्रथम खण्ड, चौ0 8, पृ0 562

सद्गुणों, पातिव्रत्य धर्म, पति के प्रति अनुराग से प्रभावित होकर माता अनुसूया ने जानकी जी को अनेक उपहार आशीर्वाद के साथ दिया कि जैसे लक्ष्मी जी भगवान विष्णु की शोभा बढ़ाती है उसी तरह हे सीते! तुम दिव्य बनी हुई अपने पति राम को सुशोभित करोगी–

ufg lfDr r vfrjDr i#[k lfDr fHkUu u ekfu,A
ftfe cht vidj U;k; rfg fcf/k ,d/kk ifgpkfu,A
lrr fujrj jkefc|k c/kfcpkfj fugkfj,A
fc/kk cbLuo chFk}; gb ,d iofj fcpkfj,AA[1]

जानकी ने अपने आदर्श चरित्र का परिचय देते हुए कहा कि जिस प्रकार सूर्य से उसका तेज, उसकी प्रभा नहीं अलग की जा सकती उसी प्रकार मुझ सीता को भी राम से अलग मत समझो। मैं राममय हूँ राम से सर्वदा अभिन्न हूँ। सीता का पूरा चरित्र वन्दनीय है। अतः जानकी जी का स्वरूप, उनका शील स्वभाव मानव मन को प्रेरणा, सुख और शान्ति प्रदायक है। उनका चरित्र अनन्त काल तक सबके लिए आदर्श बना रहेगा।

(घ) मानसिक पूजा का वर्णन

साकार और निराकार दोनों ही की उपासनाओं में ध्यान सबसे आवश्यक और महत्वपूर्ण साधन है। श्री भगवान् ने गीता में ध्यान की बड़ी महिमा गायी है। योगशास्त्र में तो ध्यान का स्थान बहुत ऊँचा है ही, ध्यान के प्रकार भी बहुत से हैं। साधक को अपनी रुचि, भावना और अधिकार के अनुसार तथा अभ्यास की सुगमता देखकर किसी भी एक स्वरूप का ध्यान करना चाहिए।

कवि रूद्रप्रताप मानसिक पूजा वर्णन करते हुए कहते हैं–

ikr% lmp dfj /;ku lvpuA d: vjHk vLFky yf[k futuA
ukfHk&ljkcj r mnHkrkA jHkk dledkj lk lirkA

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध प्रथम खण्ड, छंद 144, पृ0 565

cl| vkjh vfLuX/k euksgjA /;kob fgn; ine tx ukgjAA
fcdflr djb dey cj lkbA jfc lfl vuy fceMy tkbAA
eMy f=fHk jfcefMr tkbA ine dj fdtYd lk gkbAA
rkifj ikV jkf[k, lkbA fnC; jRu ifj mTToy tkbAA
rnifj /;kb jke Hkxokuk iHkkoku jfc dkfV lekukAA
uhynhcj&vkHk ljhjkA cM C;< fnx cPN l/khjkAA[1]

भगवान राम का आह्वान् करते हुए कवि कहते हैं–

vkckgu d: fcLo bl dA fcHk cYyHkru;k tul dAA
dmlY;k&unu tx 0;kidA ifØfr ij lht[ky&rkidAA[2]

आसन देते हुए कवि कहते हैं–

jRufl gklu vki dg nbv ;g j?kLokfeA
ybv iHk vklu ije yf[k viuh vuxkfeAA[3]

प्रसन्नीकरण करते हुए कवि कहते हैं–

gkg ilUu tkudh lkbA noLoj ilhn ekfg dkbAA
gkg ilUu ekfg g jktuA iu% ilUu egke/k xktuAA[4]

प्रभु की शरण में होने के लिए कवि प्रार्थना करता है–

lju gkm rEgj txrukFk lcRly HkDrA
gkg cjn e jktcj ng lju vujDrAA[5]

मधु अर्पित करते हुए कवि कहते हैं–

cklno ue rÙo lX;kuhA xgu djm e/kid cjkuhAA[1]

---

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध प्रथम खण्ड दो0 1235, चौ0 1–8, पृ0 570
2 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध प्रथम खण्ड, दो 1237, चौ0 6–7, पृ0 571
3 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध प्रथम खण्ड, दो0 1237, पृ0 571
4 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध प्रथम खण्ड, दो0 1238, चौ0 7–8, पृ0 572
5 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध प्रथम खण्ड, दो0 1238, पृ0 572

प्रभु को जल से स्नान करते हुए कहते हैं–

cgekMknj e/; xr tr rhjFk j?kchjA
rfg dfj ugokf;r rEgfg xgu djg ju/khjAA[2]

कवि प्रभुराम से पीतांबर ग्रहन करने को कहता है–

/kok lku lk ;g ihrkcjA xgu djg tX;l fcLoHkjAA[3]

यज्ञोपवीत ग्रहण करने के लिए कवि कहता है–

cã l= mRrjh lk yk;dA /kkfjm jkekP;r e[kuk;dA
jk?ko j?kuk;d L=h/kkjdA xgu dfjv tu tl fcLrkjdAA[4]

धूप–दीप ग्रहण करने हेतु कवि प्रभु राम से प्रार्थना करता है–

ddde vxj ,u&en :jkA xgg jke pnu dijkAA
rylh dn lHkx enkjkA tkrh ixh pid ckjkAA[5]

मनुस्मृतिः में मानस जप की सर्वश्रेष्ठता बताते हुए कहा गया है कि–

fof/k;KkTti;Kk fof'k"Vk n'kfHkx.k%A
mik'k% L;kPNrx.k% lkglk ekul% Le'r%AA[6]

अर्थात् विधि–यज्ञों (अमावस्या तथा पूर्णिमा आदि तिथियों में किये जाने वाले यज्ञों) से जपयज्ञ (गायत्री अर्थात् प्रणवादिका जपरूप यज्ञ) दस गुना श्रेष्ठ है, उपांशु जप सौ गुना श्रेष्ठ है और मानस जप सहस्र गुना श्रेष्ठ है।

अतएव साधक को इधर–उधर मन न भटकाकर अपने इष्ट (राम) में महान आदर–बुद्धि रखते हुए परम भाव से उसी के ध्यान का अभ्यास करना चाहिए।

---

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध प्रथम खण्ड, दो0 1239, चौ0 5, पृ0 573
2 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध प्रथम खण्ड, दो0 1239, पृ0 573
3 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध प्रथम खण्ड, दो0 1240, चौ0 1, पृ0 573
4 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध, दो0 1240, चौ0 2–3, पृ0 573
5 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध,, दो0 1240, चौ0 7–8, पृ0 573
6 मनुस्मृतिः अध्याय–2, श्लोक 85, द्वितीय संस्करण संवत् 2021, पृ0 57

इस प्रकार भगवान का ध्यान करता हुआ साधक भगवान के प्रेमानन्द में विभोर होकर कहता है– ध्यानावस्था में ही जब इतना बड़ा भारी आनन्द है, तब जिस समय आपके साक्षात् दर्शन होते हैं, वे पुरुष सर्वथा धन्य हैं। जिनको आपके दर्शन होते हैं, श्रद्धा होने पर उनके दर्शन से ही पापों का नाश हो जाता है, तब फिर आपके दर्शनों की तो बात ही क्या है। आप साक्षात् पूर्ण ब्रह्म परमात्मा है।

इस प्रकार श्रीराम का ध्यान, मानसिक पूजा, आरती, स्तुति प्रार्थना और गुणगान करना चाहिए।

(ङ) संध्या समय का कर्म

प्रत्येक मनुष्य के जीवन में कुछ क्षण ऐसे होते हैं, जब उसकी बुद्धि निर्मल और सात्विक रहती है तथा उन क्षणों में किये हुए कार्यकलाप (कर्म) शुभ कामनाओं से समन्वित एवं पुण्यवर्धन करने वाले होते हैं, पर सामान्यतः काम–क्रोध, लोभ–मोह, मद–मात्सर्य, ईर्ष्या–दम्भ, राग–द्वेष आदि दुर्गुणों के वशीभूत मानव का अधिकतर समय पापाचरण में ही व्यतीत हो पाता है, जिसे वह स्वयं भी नहीं समझ पाता। चौबीस घंटे के समय में यदि हमने एक घंटे का समय भगवदाराधन अथवा परोपकारादि शुभ कार्यों के निमित्त अर्पित किया तो शुभ कार्य का पुण्य हमें अवश्य प्राप्त होगा। पर साथ ही तेईस घंटे का जो समय हमने अवैध अर्थात् अशास्त्रीय (निषिद्ध) भोग–विलास में तथा उन भोग्य पदार्थों के साधन–संचय में लगाया तो उसका पाप भी अवश्य भोगना पड़ेगा। इसलिए जीवन का प्रत्येक क्षण भगवदाराधन के रूप में परिणत हो जाय– इसकी आवश्यकता है, जिससे मनुष्य अपने जीवनकाल में भगवत्संनिकटता प्राप्त कर सके और पूर्ण रूप से कल्याण का भागी बने।

इसीलिए वेद–शास्त्रों में प्रातःकाल जागरण से लेकर रात्रि–शमन तक तथा जन्म से लेकर मृत्यु–पर्यन्त सम्पूर्ण क्रिया–कलापों का विवेचन विधि–निषेध के

रूप में हुआ है, जो मनुष्य के कर्त्तव्याकर्त्तव्य और धर्माधर्म का निर्णय करता है।

इसलिए वेदादि समस्त शास्त्रों में नित्य और नैमित्तिक कर्मों को मानव के लिए परम धर्म और परम कर्त्तव्य कहा है।

गीता में भगवान ने स्वयं कहा है–

^Lodel.kk reH;P;l flf)l foUnfr ekuo%A*

इस पृथ्वी पर जितने भी स्वकर्म रहित द्विज (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य) हैं, उनको पवित्र करने के लिए ब्रह्मा ने संध्या की उत्पत्ति की है। रात या दिन में जो भी अज्ञानवश विकर्म हो जायँ, वे त्रिकाल संध्या करने से नष्ट हो जाते हैं।[1]

सूर्य और तारों से रहित दिन–रात की संधि को तत्त्वदर्शी मुनियों ने संध्याकाल माना है।[2]

कवि रूद्र प्रताप ने संध्या समय का कर्म वर्णन करते हुए कहा–

vkfUgd e/; fnol dfg vk,A vej firj rk[ku fofu xk,A
vkgfr vfXugk= fcf/k xkokA eTtu euLlg tfDr y[kkokAA
Hkk tukfn tkor C;ogk:A dg gm jkejgL; lik:AA
nloky;&fcjpu mRlkgkA jkejgL; e/; fuckgkAA
pØ&xgu eu Lokfe; lokA dgm x# dy dj tl HkokAA
trh R;kT; fxfg dj lfr jk[khA r= cn nkÅ vl Hkk[khAA
fxgh R;kT; ufg doug HkkrhA xfgr trh tk cf) tekrhAA

1 नित्यकर्म–पूजा प्रकाश, गीताप्रेस, गोरखपुर संस्करण–57, पृ0 49
2 नित्यकर्म–पूजा प्रकाश, गीताप्रेस, गोरखपुर संस्करण–57, पृ0 50

t rh e= ufg dN Qynk;hA tm iuk vfHk[kd djkbAA[1]

श्राद्ध कर्म के महत्व के विषय में कवि कहता है–

l k)olku u tkor n[khA rkor t rh cnu ufg i[khAA
l k) vr Hkktu lg fiMkA f}t rft ufg tokb ik[kMkAA
l k)fnol tk t rh tokbA firj l vUukn; ufg ikbAA
vfrFkkxou gkb rfg dkykA f}t ifjl[k tokb; ckykAA[2]

द्विजत्वनिरूपण करते हुए कवि ने कहा है कि द्विज ही यज्ञ दीक्षाग्रहण में अधिकारी होता है–

f}t r mRre rÙo ufg ufg x#Ro tx ekfgAA
rk r tk fut tho tr ldy lo fgr ;kfgAA[3]

यज्ञोपवीत संस्कार के बिना द्विजकर्म का अनधिकार कहा गया है–

fl[kk l= fcu ufXur dk;kA ghu Øk/k v: iuj vnk;kAA[4]

मनुस्मृति में भी कहा गया है कि–

oni nkukpk;l firj ifjp{krA
u áfLeUt T;r de fdf´pnkekfUtcU/kukrAA

मनु आदि महर्षि वेदोपदेश करने के कारण आचार्य को पिता कहते हैं, क्यों कि इसे यज्ञोपवीत संस्कार के पहले किसी श्रौत तथा स्मार्त कर्म को करने का

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्द्ध प्रथम खण्ड, दो0 1252, चौ0 1–8, पृ0 577
2 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्द्ध प्रथम खण्ड, दो0 1256, चौ0 5–8, पृ0 579
3 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्द्ध प्रथम खण्ड, दो0 1257, पृ0 580
4 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध प्रथम खण्ड, दो0 1261, चौ0 1, पृ0 581

अधिकार नहीं।[1]

यज्ञोपवीत के पूर्व वेदमंत्रोच्चारण का निषेध–

ukfHk0;kgkj;n~ czã Lo/kkfuu;uknrA
'kn~.k fg leLrko|ko}n u tk;rAA

ब्राह्मणादि बिना यज्ञोपवीत संस्कार हुए श्राद्धकर्म के अतिरिक्त कर्म में वेदमंत्र का उच्चारण न करे; क्योंकि जब तक वेद में अधिकारी (यज्ञोपवीत संस्कार युक्त) नहीं होता, तब तक वह (द्विज) शूद्र के समान है।[2]

'जो द्विज संध्या नहीं जानता और संध्योपासन नहीं करता वह जीता हुआ ही शूद्र हो जाता है और मरने पर कुत्ते की योनि को प्राप्त होता है।'[3]

'संध्याहीन द्विज नित्य ही अपवित्र है और सम्पूर्ण धर्मकार्य करने में अयोग्य है। वह जो कुछ अन्य कर्म करता है उसका फल उसे नहीं मिलता।'[4]

'इस पृथ्वी पर निषिद्ध कर्म करने वाले जितने भी द्विज हैं, उन सबको पवित्र करने के लिए स्वयं ब्रह्माजी ने संध्या का निर्माण किया।'[5]

अतः जो व्यक्ति श्रद्धा–भक्ति से प्रतिदिन जीवनपर्यन्त यथाधिकार संध्याकर्म देवपूजन आदि नित्यकर्म करता है, उसकी बुद्धि आत्मनिष्ठ हो जाती है। आत्मनिष्ठ बुद्धि हो जाने पर शनैः–शनैः मनुष्य के बुद्धि की भ्रान्ति, जड़ता, विवेकहीनता, अहंकार, संकोच और भेद–भाव नष्ट हो जाता है, तब वह मनुष्य परमात्मचिन्तन में संलग्न होकर अहर्निश परब्रह्म परमेश्वर की प्राप्ति के लिए ही

---

1 मनुस्मृति, श्लोक 171, संस्करण द्वितीय 1965, पृ0 78
2 मनुस्मृति, श्लोक 172, संस्करण द्वितीय 1965, पृ0 78
3 संध्योपासनविधि और तर्पण एवं बलिवैश्वदेव–विधि संस्करण 19, गीताप्रेस गोरखपुर, पृ0 21
4 संध्योपासनविधि और तर्पण एवं बलिवैश्वदेव–विधि संस्करण 19, गीताप्रेस गोरखपुर पृ0 21
5 संध्योपासनविधि और तर्पण एवं बलिवैश्वदेव–विधि संस्करण 19, गीताप्रेस गोरखपुर, पृ0 22

प्रयत्न करता रहता है। इससे उसे परमानन्द की अनुभूति होने लगती है। परमानन्द की अनुभूति होने पर वह मनुष्य शनैः–शनैः दैवीगुणों से सम्पन्न होकर ईश्वरोन्मुख हो जाता है। ईश्वरोन्मुख होने के बाद मनुष्य को परमात्मा के वास्तविक तत्त्व का परिज्ञान होने लगता है और वह सदा–सर्वदा के लिए जीवन्मुक्त हो जाता है तथा 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' में परिनिष्ठित होकर आत्मोद्धार कर लेता है। यही मानव–जीवन की विशिष्ट सफलता है। इसलिए मानव जन्म को सफल करने के लिए मानव मात्र को संध्यासमय का कर्म नियमित रूप से करने चाहिए।

(च) अतिथिपूजन विधि

कवि रूद्र प्रताप अतिथिपूजन विधि का वर्णन करते हुए कहता है कि गृहस्थ का कर्त्तव्य है कि अपनी शक्ति के अनुसार अतिथियों का आसन, भोजन आदि से सत्कार करे–

iltu vfrfFk fultX; dgkÅA fxgh vfrfFk iltu lfr xkÅAA
fnu fnu f} tUg vUu Qy nbA ey lkd tkb vkilu lbAA[1]

कवि कहता है गृहस्थ को घर में शक्ति के अनुसार आसन, भोजन शैय्या, जल और मूल–फल से अतिथि की पूजा करनी चाहिए। अतिथि का अनादर करने वाले को अपार दुःख देता है–

vfrfFk vuknj nk[k vik:A fcyb tkfr lc e[k&0;ogk:A
vfrfFk vkm tk fxgh u lbA gfjr iU; ikrd fut nbAA[2]

कवि कहता है कि पाखण्डी, विरूद्ध कर्म करने वाले, शठ, हेतुवादी

---

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्द्ध प्रथम खण्ड, दो0 1293, चौ0 1–2 पृ0 599
2 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्द्ध प्रथम खण्ड, दो0 1305, चौ0 1–2 पृ0 607

अतिथियों का वचनमात्र से भी पूजन न करे।

गृहस्थ, राजा आदि को अतिथि सत्कार अवश्य करना चाहिए—

jktg xu dg efu cj HkkjA dhUgm pfgv vfrfFk lrdkjAA
f=nlkijnk lk efgikykA rfg u ikb in Hky fclkykAA
vfcHko&lnu ujLoj vkÅA i tu vfrfFk yf[k tFkk iHkkÅAA
mPpkoPp fcpkj u dkbA vfrfFk dky xr bLoj lkbAA
cLono&fØr ikrd tkbA U;ufrfjDr de Hkb lkbAA[1]

वैश्वदेव कर्म के निवृत्त होने पर यदि दूसरा अतिथि आ जाय तो उसके लिए भी यथाशक्ति अन्न देना चाहिए।

अतः ब्रह्मचारी सन्यासी, स्नातक और क्षोत्रिय गृहाश्रमियों की पूजा कर इसके प्रभाव से लाभान्वित होना चाहिए।

(छ) भोजन विधि

भोजन विधि का वर्णन करते हुए कवि कहता है—

dfggm vc Hkktu C;ogkjA ikd mDr gb tFkk idkjAA
tk =; l/;k cnfugkjA v: f=dky eTtu djrkjAA
lLukRok l/;k d: lkbA rnifj ifu Hkktu fcf/k gkbAA
l/;k eTtu ghu i#[k tkA dfj lfp Hkktu djb vofl lkAA[2]

हितकर अन्न को आयु के लिए पूर्व की ओर यश के लिए दक्षिण की ओर धन के लिए पश्चिम की ओर और सत्य के लिए उत्तर की ओर मुखकर भोजन

---

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्द्ध प्रथम खण्ड, दो0 1310, चौ0 1—5, पृ0 610

2 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्द्ध प्रथम खण्ड, दो0 1312,चौ0 2—5, पृ0 611

करना चाहिए।

कवि कहता है कि द्विज को सायं–प्रातः भोजन करना चाहिए। बीच में भोजन नहीं करना चाहिए। यह विधि अग्निहोत्र के समान है। कवि ने भोजन के आदि–अन्त में आचमन–विधान पर भी बल दिया है। वह यह भी कहता है कि सदैव श्रद्धा से अन्न–भोजन ग्रहण करना चाहिए।

ब्राह्मण, साध्वी, रोगी और गर्भिणी स्त्री, वृद्धा–इन्हें अतिथियों के पहले बिना विचारे भोजन करावे–

cìkãukfn vuipjUg [kokbìA vlu lnìifr fxìgh lkgkbìAA
lk/oh jkfxfu xìfcìfu tkbìA fcì)kFkok ckyxu gkbìAA
lìfLØrkUu rìfg iìFke tìokìbìA vxìxU; fxìfg ikNì [kkbìAA[1]

जो गृहस्थ इन को भोजन नहीं देकर भोजन के क्रमविरोध दोष को नहीं जानता हुआ पहले भोजन करता है, वह दरिद्र हो जाता है। अतिथि ब्राह्मण, स्वजातीय भृत्य (दास, दासी) के भोजन कर लेने पर बाद में शेष अन्न को गृहस्थ दम्पति भोजन करें। देवताओं, ऋषियों, मनुष्यों, पितरों, गृहस्थित शालग्रामादि प्रतिमाओं की पूजा कर गृहस्थ शेष बचे हुए अन्न को भोजन करे।

कवि ने केवल अपनें लिए भोजन बनाने का निषेध बताया है। जो केवल अपने लिए भोजन पाक करता है, वह पाप को भोगता है क्योंकि यज्ञ (पंचयज्ञ) से बचा हुआ अन्न सज्जनों का अन्न कहा गया है।

(ज) शयन विधि

शयन विधि वर्णन करते हुए कवि कहता है–

l;u iìdkj dgr brb lìlrk lìfp C;ogkjA
eìxy fgr ?kj iìuìty jk[kb l;ukxkjAA[1]

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्द्ध प्रथम खण्ड, दो0 1313,चौ0 1–3, पृ0 611

रात्रि में शयन पूर्व हरि का स्मरण अवश्य करना चाहिए–

jkf= l|Ir i< gfj vfHkcinhA bLV Leju djb vkuinhA[2]

दक्षिण दिशा ओर सिर करके सोना चाहिए–

lkfc=h i<| lTtk FkkbA nfPNu fljk lkm l|[k lkbAA[3]

उत्तर की ओर सिर करके कदापि नहीं सोना चाहिए–

mRrj flj dnkfi ugh| dhtA dht| tm| fclf[k ru| NhtAA[4]

अन्न, गुरु, गाय, ब्राह्मण के शयन स्थान पर बैठने, शयन का निषेध कवि ने बताया है–

fcu| lTtk v# xr| eg| l;u mfpr ufg| gkbA
vUu x# v# /ku| f}t mij l;u ufg| tkbAA[5]

गुरु, माता, पिता आदि पूज्यजनों की शय्या और आसन पर स्वयं न बैठें। देवालय के ऊपर भी शयन नहीं करना चाहिए–

noky; Åij ufg| lkbA vxgh u [kVog| ufg| tkbAA[6]

कवि रूद्र प्रताप ने अपने निजी मत के अनुसार सबको शयन व्यवस्था के बारे में अवगत कराया–

vkfUgd C;oLFkk /ke| fuu|; /ke| dj ftfe xk,ÅA

---

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्द्ध प्रथम खण्ड, दो0 1357, पृ0 631
2 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्द्ध प्रथम खण्ड, दो0 1358, चौ0 2, पृ0 632
3 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्द्ध प्रथम खण्ड, दो0 1358, चौ0 7, पृ0 632
4 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्द्ध प्रथम खण्ड,, दो0 1359, चौ0 1, पृ0 632
5 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्द्ध प्रथम खण्ड, दो0 1360, पृ0 633
6 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्द्ध प्रथम खण्ड, दो0 1361, चौ0 1, पृ0 633

fut efr fcfgr dk:[k :niirki lcfg luk,ÅAA
vYgkn dj iYgkn vuxe lknu ij er jrkAA
/kU; /kke /kjklry cj /ke v/ok dh yrkAA[1]

इस प्रकार कवि द्वारा दिये गये उपदेशों का विधान तथा निषेध शास्त्र सम्मत है।

